# वित्तीय सुविधाओं के द्वार खोलते बैंक खाता

संस, जागरण● फुसरो : बेरमो प्रखंड अंतर्गत कुरपनिया उप पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आइडीबीआइ कुरपनिया शाखा की पहल पर वित्तीय समावेशन एवं केवाईसी शिविर लगा। मुख्य अतिथि आरबीआइ के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने बैंक अधिकारियों से बैंक शाखा एवं बीसी नेटवर्क के जरिए पुनः केवाईसी संबंधित व्यवस्था सुनिश्चित करने और किसानों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए यथासंभव देर शाम तक शिविर लगाने का निर्देश दिया।

कहा कि वित्तीय समावेशन संस्कृति अभियान के तहत पूरे राज्य में साढे चार हजार शिविर लगाना है, जिसमें से आधा से अधिक शिविर लग चुका है। भारत सरकार द्वारा पूरे देशभर में इस तरह के शिविर लगाकर लोगों को बैंक से संबंधित जानकारी दी जा रही है आज जागरूकता के कारण ही देश भर में 55 करोड़ से अधिक जनधन के खाते संचालित किया जा रहे हैं। यह अभियान एक जुलाई से 30 सितंबर तक चलना है, जब यह अभियान की शुरुआत हुई थी, उस वक्त रांची में उप गवर्नर की भागीदारी हुई थी। कहा कि आपका एक बैंक खाता तमाम तरह की वित्तीय सुविधाओं का द्वार खोलता है। शिविर में लगभग 2476 खातों का केवाईसी किया गया एवं 5316 ग्राहकों ने बीमा योजनाओं में अपना नाम दर्ज कराया।



शिविर में लोगों को बैंकिंग सेवा की जानकारी देते बैंककर्मी ● जागरण

इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक, आइडीबीआइ बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ इंडिया, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया एवं नाबार्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त बोकारो में उपस्थित कई बैंकों के शाखा प्रमुख तथा बैंकिंग प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, जिप सदस्य टीनू सिंह, मुखिया कविता सिंह, आनंद सिंह आदि थे।

**जागरण, राँची, 15 अगस्त 2025**